सार-समाचार

हॉकी टीम रवाना

करौली, (निसं)। हैदराबाद तेलंगाना मे 26 नवंबर से आयोजित होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 वर्ष मे भाग लेने वाली हॉकी राजस्थान टीम कि घोषणा शुक्रवार को हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत ने करते हुए बताया कि टीम का कप्तान अजमेर हॉकी अकादमी की लक्ष्मी एवं उपकप्तान अलवर की कृष्णा मीणा को बनाया गया है। करौली निवासी अरुण सारस्वत ने बताया की टीम मे अक्षिता रानी, शैलजा चैधरी, लक्ष्मी, प्रियंका, खुशयाली देवी, माया, यशश्वी राजावत, शालिनी लमोरिया, लक्ष्मी,अदिति मीणा,पायल, खुशी यादव, नर्वदा, कृष्णा मीणा, गुड्डी,आमना,कनक अरोरा एवं महक चैहान को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि टीम कोच अचला शर्मा एवं टीम मैनेजर जीतेन्द्र सिंह राजावत होंगे। हॉकी राजस्थान टीम के खिलाड़ियों को शुक्रवार शाम को हैदराबाद के लिए अध्यक्ष अरुण सारस्वत ,उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत ,समाज सेवी बबलू शुक्ला, मनोज चतुर्वेदी एवं सीनियर खिलाड़ियों ने रवाना किया हॉकी राजस्थान के महासचिव मित्रानंद पूनिया ने बताया की राजस्थान टीम प्रतियोगिता के क पूल मे है जहाँ उसके मैच हॉकी उत्तरप्रदेश एवं हॉकी उत्तराखंड से होंगे।

इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

करौली, (निसं)। जिला करौली के खेड़ा स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में करौली,दौसा और गंगापुर के विद्यालयों द्वारा रजिस्टर्ड अध्यापकों को भविष्य में आने वाली भावनात्मक, कार्यक्षमता और कार्यशैली के साथ-साथ अकादमिक, मनोवैज्ञानिक चुनौतियों को दूर करने की दिशा में इंडक्शन ट्रेनिग प्रोठाम आयोजित किया गया इसमें सीबीएसई अजमेर से आये हुए विशेषज्ञ श्रीमती करुणा नागपाल और श्रीमती सारिका शर्मा ने सभी अध्यापकों को सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार प्रशिक्षण दिए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार प्रकट किए व प्रतिभागियों से कई गतिविधियों व समूह कार्य भी करवाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में नियुक्त अध्यापकों को उच्च शिक्षा के तकनीकी व शैक्षिक पहलुओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना है और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाना चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। विद्यालय की वेन्यू डायरेक्टर एवं जिला प्रशिक्षण समन्वयक श्रीमती सोनिया चैधरी ने बताया कि इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोठाम से अध्यापकों और स्कूलों में सुधार होगा तथा स्कूलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने के लिए अध्यापक तैयार हो पाएंगे। विद्यालय के मेंटर श्री लखन लाल मीना संयुक्त सचिव,सीबीएसई ने सीबीएसई द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे परीक्षा, सिलेबस तथा करिकुलम जैसे विभिन्न बिंदुओं के बारे में अवगत कराया स इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ0 बबलेश मीना तथा श्री राजीव मीना, प्रधानाचार्य श्रीमती सोनिया चैधरी, विशेषज्ञ तथा विद्यालय के सारे स्टाफ ने कार्यक्रम का लाभ उठाया।

चोरों के हौसले बुलंन्द

सवाई माधोपुर, (निसं)। शुक्रवार को जिलामुख्यालय के सर्किट हाउस रोड उत्सव मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान पार्किंग में से दो अज्ञात युवकों ने बाइक चोरी को अंजाम दिया। चोरी की घटना शाम 7.45 से 8 बजे के बीच हुई । जिसमे पीड़ित कमलेश कुमार शर्मा द्वारा सीसीटीवी फुटेज दौरान में देखा गया की युवक मात्र 5 मिनट में बाइक चोरी कर फरार हो गए। बाइक मालिक कमलेश कुमार शर्मा पुत्र हरिचरण शर्मा हाल निवासी मंडी रोड ज़ब गार्डन से रवाना होने के लिए पार्किंग स्थल पहुँचे तब बाइक वहाँ नहीं थी। पीड़ित ने कोतवाली आलनपुर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।सवाईमाधोपुर में चोर कभी मकान तो कभी मंदिर को निशाना बना रहे है। पुलिस प्रशासन द्वारा दिनों दिन हो रही चोरी कि वारदात पर कोई संज्ञान लेते हुए किसी चोर समूह को पकड़कर करवाई की जाये।

भामाशाह रमेशचन्द गुप्ता बने मददगार

छौंकरवाडा (निस)। गांव छौंकरवाडा कलां के मूल निवासी व किरन फाउण्डेशन चेयरमेन रमेशचन्द गुप्ता तथा लॉजिस्टिक प्रा.लि, कम्पनी गांधीधाम के द्वारा ठाम पंचायत छौंकरवाडा कलां क्षेत्र के समस्त राजकीय स्कूल में सर्दी से बचाव के लिए बच्चों को जर्सियां वितरण किया और चार विद्यालय के 476 छात्र-छात्राए लाभान्वित हुए। जर्सी वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख द्वारिका प्रसाद गोयल रहे। जब कि अध्यक्षता खेड़ली मोड थाना हेड कांस्टेबल भूरा सिंह ने की। किरण फाऊंडेशन प्रदेश प्रभारी गोयल ने बताया कि छौंकरवाडा कलां और छौंकरवाडा खूर्द क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक,राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक स्कूल व महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को गांव के मूल निवासी व किरन ठ्रुप चैयरमैन भामाशाह रमेश चंद्र गुप्ता द्वारा सर्दी से बचाव के लिए जर्सी का वितरण किया गया और विद्यालयों के 476 छात्र व छात्रा लाभान्वित हुए। इस अवसर पर रवि कुमार, हेमलता, विजय कुमार, मिथिलेश शर्मा, रेखा गुप्ता, सुभाष बंसल, राजेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव में जीत पर जश्न मनाया

भरतपुर, (निस)। राजस्थान एवं अन्य राज्यों में हुए विधानसभा उप-चुनाव में तथा महाराष्ट्र राज्य में शानदार जीत दर्ज होने पर जवाहर नगर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी की चुनावों में भारी जीत पर जोशीला जश्न मनाया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। ढोल नगाडे पर कार्यकर्ताओं ने जोशीला डान्स किया एवं शानदार अतिशबाजी की गयी।

सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजस्थान विधानसभा के उप-चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शानदार 5 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की है यह जीत उनकी कार्यशैली, कर्मठता, एवं कार्यकर्ताओं के प्रति लगाव और कुशल नेतृत्व को प्रदर्शित करती है। यह जीत भजनलाल सरकार के 10 महिने के कुशल कार्यकाल का परिणाम है। राजस्थान जनता ने यह दर्शा दिया है कि हमें केवल कार्य करने वाला नेता ही स्वीकार है। बधाई देने वालों में संतोष कटारा, प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवानी दायमा, जिला उपाध्यक्ष राजू कटारा, युधिष्ठर पन्होरी, जिला महामंत्री बृजेश अठावाल, पूर्व उप जिला प्रमुख अभयवीर सोलंकी, पूर्व जिला महामंत्री भगवानदास शर्मा, नेता प्रतिपक्ष रूपेन्द्र जघीना, गिरधारी गुप्ता, लाखन पहलवान, दीपेन्द्र गणेशिया, श्याम कटारा, नरेश सैन, डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, जगत गुर्जर, दौलत सिंह, जगदीश लवानियां, लाला पहलवान, सत्यप्रकाश कटारा, सुनील गामरी, नरेन्द्र सिंघल, मुकेश सिंघल, देवेन्द्र चामड, अनिल अनाह, हरिदत्त शर्मा, अशोक जघीना, वीरेन्द्र ठाकुर, दीपक मुदगल, आशीष खण्डेलवाल, दीपक नरूका, वीरेन्द्र गुर्जर, पंकज शर्मा, चन्द्रवीर जघीना, अनुराग तमरोली, अनिल गोयल, आकाश हथैनी, मोहित चतुर्वेदी, पूरन चन्द शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, मनीष शर्मा, प्रोफेसर जग्गो सिंह, लाखन बक्शी, राजवीर, तेजवीर, पवन कुमार, लोकेश पाठक, प्रेम सिंह, लोकेन्द्र सिहं एड. आदि मौजूद रहे।

राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज होने पर मुख्यमंत्री आवास भरतपुर पर जश्न मनाया।

प्रतियोगिता का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग, भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान से 20 से 26 नवम्बर तक ग्रामीण हाट, कम्पनी बाग, भरतपुर में संभाग स्तरीय अमृता हाट का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत शनिवार को पारम्परिक परिधान पर आधारित पोशाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे कुल 20 महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओ को अमृता हाट के समापन पर सर्टिफिकेट एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार जय श्री कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप, मथुरा द्वारा मेरी अलबेली राधे, रामलला के दर्शन, बाहुबली हनुमान, कृष्णराधा आदि की प्रस्तुतियां दी गयी।

भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज का किया स्वागत

भरतपुर, (निस)। आरबीएम हॉस्पिटल स्थित अन्न पूर्णा रसोई 188 पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भनोज भारद्वाज का उनके एक वर्षीय कार्यकाल पूरा होने पर उनके अच्छे कार्यो एवं जन्मदिन के अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में माला साफा पटका माँ गायत्री की तस्वीर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया एवं मंत्रोच्चार के साथ पुष्प वर्षा कर ईश्वर से दीर्घायु व अनवरत उत्तरोत्तर प्रगति करने की कामना की।

इस अवसर पर मनोज भारद्वाज ने सांयकाल एक सौ एक जरूरत मंदों को अपनी ओर से निःशुल्क भोजन कराने की घोषणा की। सम्मान समारोह में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिला अध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष डॉ सुशील पाराशर, गायत्री ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र चामड, डॉ. गिरीश शर्मा, पार्षद अनिल शर्मा अनाह, एडवोकेट ऋषिपाल तिवारी,रोडवेज कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, देवक्रीनन्दन शर्मा, मानव अधिकार संघठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समता आन्दोलन के सक्रिय सदस्य अशोक शर्मा, लालचंद, गिरजेश मिश्रा, दयाचंद कटारा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर दयाल शर्मा, पत्रकार राजेंद्र जती, देवेन्द्रमोहन तिवारी, मोहन रारह, सी.पी.शर्मा, धर्मेन्द्र सागर, आनंद उपाध्याय, आशीष बंसल, राजवीर घसौला, संजू शर्मा, मनोज खण्डेलवाल, नेत्र पाल, देवव्रत शर्मा, लखन शर्मा, मनीष तिवारी, अनिरुद्ध, सुमित ठाकुर, सौरव फौजदार, विशाल ठाकुर आदि अनेक सामाजिक संगठनों के गणमान्य महिलाए व पुरुष उपस्थित हुए। मनोज भारद्वाज ने सभी की सद्भावनाओं के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

भाजपा पदाधिकारियों ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। भाजपा को महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश चुनावों में मिले बहुमत एवं राजस्थान प्रदेश उप चुनावो में मिली अप्रत्याशित जीत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हाल ही विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश राज्यों में संपन्न हुए चुनावो एवं राजस्थान प्रदेश में संपन्न हुए उपचुनावो में भारतीय जनता पार्टी को मिली अप्रत्याशित जीत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी

भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख गणेश शर्मा ने बताया कि संपन्न हुए चावन में महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों में से 244 सीटों पर भाजपा को जीत मिली उत्तर प्रदेश राज्य में संपन्न हुए चुनाव में 9 सीटों पर हुए चावन में से 6 सीटों पर भाजपा को जीत मिली इसी के साथ हाल ही राजस्थान प्रदेश में संपन्न हुए उपचुनाव में 7 सीटों में से 5 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जीत मिली उक्त संदर्भ में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित,पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि निश्चित रूप से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में किया जा रहे कार्यों और समस्त योजनाओं को आमजन ने सराहना का कार्य करते हुए भाजपा के पक्ष में अपना मत एवं समर्थन देने का कार्य किया है और साथ ही केंद्र सरकार के साथ-साथ राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनके राज्य सरकार द्वारा आम जन के हित में अपने कार्यकाल में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने के कार्यों की सराहना प्रदेश की जनता ने भाजपा के पक्ष में सात सीटों में से पांच सीटों पर विजय दिलाकर अपनी सहमति व्यक्त करने का कार्य किया है !साथ ही भाजपा मीडिया प्रमुख शर्मा ने बताया कि उक्त खुशी की लहर को अपने शब्दों में और एक दूसरे कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढ़ी, उदय सिंह गुर्जर, महेन्द्र दीक्षित, गिरधारी सोनी, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, उपप्रधान पुष्कर सिंह जाट, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट नवीन शर्मा, नेमीचंद मीणा, बाबूलाल सैनी, पुखराज सलेमपुर, सुरेंद्र मित्तल, मंजू सिंघल सावित्री शर्मा, संगीता बोहरा, पार्षद लक्ष्मण सैनी, योगेन्द्र शर्मा रामबाबू शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा,सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

ब्लड बैंक केन्द्र का शुभारंभ

भरतपुर, (निसं)। शनिवार को जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने राजकीय जनाना अस्पताल ब्लड बैंक केन्द्र का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस मौके पर आरबीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ नगेन्द्र भदौरिया, जनाना अस्पताल इंचार्ज भगत सिंह व शीला सागर सहित ब्लड बैंक का स्टाफ भी मौजूद रहा।

राजकीय जनाना अस्पताल ब्लड बैंक के शुभारंभ के बाद जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने ब्लड बैंका अवलोकन कर अधीक्षक डॉ नगेन्द्र भदौरिया से ब्लड की स्टोरेज, जांच व स्टाफ आदि के बारे में जानकारी ली। ब्लड बैंक खुलने का सबसे ज्यादा फायदा जनाना अस्पताल में भर्ती होने वाली उन प्रसूताओं को मिलेगा। जिन्हे डिलीवरी के समय रक्त की जरूरत पडती है। अस्तपाल में भर्ती होने वाली महिलाओं के परिजनों को जरूरत पडने पर रक्त के लिए अब आरबीएम अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। क्योंकि अब जनाना अस्पताल में ही रक्त उपलब्ध हो सकेगा।

सार-समाचार

करौली ने सवाईमाधोपुर को हराया



करौली, (निसं)।) जयपुर में खेली जा रही अंडर 14 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज करौली में सवाई माधोपुर को 9 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सवाई माधोपुर ने पांच विकेट पर198 रन बनाए, जिसमें करौली की तरफ से लक्ष्य सेन ने दो विकेट, वेदांत शर्मा ने दो विकेट एवं आरव पाठक ने एक विकेट लिया।बाद में बल्लेबाजी करते हुए करौली ने एक विकेट खोकर 202 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक रन रवि कश्यप 96 एवं सचिन सैनी ने नॉट आउट 64 रन बनाए। इस प्रकार करौली ने सवाई माधोपुर से 9 विकेट का में जीत लिया। अंडर 14 में करौली जिले ने पहली बार अपना कोई मैच जीता है। करौली की इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक, सचिव शिवचरण माली ,उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, अरुण शर्मा ,संजय पाल ,रवि पाठक, अखिलेश चतुर्वेदी ,सिलेक्ट प्रियाकांत बेनीवाल एवं अंडर 14 टीम के कोच प्रवीण शुक्ला ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

गंदगी व खरपतवार को साफ किया

भुसावर, (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर के क्लीन भुसावर ठ्रीन भुसावर अभियान के तहत एनएसएस वालण्टियर्स ने महाविद्यालय परिसर एवं भुसावर की सडकों के आस-पास की गंदगी एवं खरपतवारो को साफ किया तथा नये लगे पौधों को पानी दिया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि भुसावर बाग बगिचों की हरियाली एवं अचार उद्योग के लिए सम्पूर्ण भारत वर्ष में जाना जाता है। भुसावर कस्बे को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाने के लिए यहॉ के प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी व निभानी चाहिए। कचरा सड़क पर नही फैंके तथा वर्षा ऋतु में जो पौधे लगाये है, उनकी देखभाल करें तथा हर 15 दिन में पानी दें। कृषि महाविद्यालय भुसावर के नये परिसर में अशोक, मोलसरी, आम व मौसमी के लगभग 450पौधे लगाये गये है। महाविद्यालय के विद्यार्थी उनकी नियमित देखभाल कर रहे हैं। सर्दी में पानी की कमी से पौधा मरने की संम्भावना ज्यादा रहती है, इसलिए पानी देकर पौधे के थाले में उचित नमी बनाये रखें। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि कस्बे या गॉव को देखकर लोगों के चरित्र का पता चल जाता है, हमें भुसावर कस्बे की समृद्धि के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. ओ.पी. मीना, डॉ. शंकर लाल यादव, डॉ. विनोद भटेष्वर सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी शामिल रहे।

जीत से पेंशनर समाज में प्रसन्नता

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान की विधानसभा उपचुनावों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी कार्यों की जीत बताते हुए पेंशनर समाज ने प्रसन्नता व्यक्त की है। पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डोरीलाल शर्मा ने अवगत कराया कि राजस्थान विधानसभा के हुए उपचुनावों में बम्फर जीत राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जीत है। क्योंकि यह विधान सभा का चुनाव पूरी तरह मुख्यमंत्री द्वारा जन कल्याण में किये जा रहे कार्यों के नाम पर ही लडा गया था। राजस्थान के इतिहास में पहली बार राजस्थान के ऊर्जावान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पहली बार अपने पहले ही बजट में पेंशनरों की काफी समय से लम्वित 10 मांगों को पूरा कर एक बहुत बडा कीर्तिमान स्थापित किया था। राजस्थान पेंशनर समाज विधानसभा चुनावों में किये गये मतदान के लिए सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के साथ सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की जिला शाखा अध्यक्षों एवं उप शाखा अध्यक्षों एवं आम पेंशनरों का हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

नकदी ठगने का आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर, (निसं)। उच्चैन थाना पुलिस ने सिविल डिफेन्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 11 लाख रूपये ठगने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। 20 जून को कस्वा उच्चैन निवासी तेजभान पुत्र सुजानसिंह जाति गुर्जर ने गांव रावत भाजरा थाना बानसूर जिला कोटपुतली जिला अलवर निवासी रामफल पुत्र हरीराम उम्र 26 साल जाति गुर्जर सहित 3-4 लोगों के विरूद्व उसके व उसके भाई राहुल को सिविल डिफेन्स में मैस, बैटर व कम्प्यूटर क्लर्क के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर दोनों के 11 लाख रूपये धोखाधडी पूर्वक हडप लेने का एक मामला थाना उच्चैन पर पंजीबद्ध कराया था। थानाधिकारी हीरालाल द्वारा बाद अनुसंधान इस मामले के नामजद आरोपी रामफल पुत्र हरीराम उम्र 26 साल जाति गुर्जर निवासी रावत भाजरा थाना बानसूर जिला कोटपुतली जिला अलवर को प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है।

मीणा के मुख्य सचिव बनने पर खुशी

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। जिले की भुसावर उप खंड के ग्राम निठार में जन्मे 1993 बैच के आईएएस अधिकारी के आर मीणा को मिजोरम का मुख्य सचिव नियुक्त किए जाने पर वैर भुसावर बयाना समेत भरतपुर जिले में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। गौरतलब है कि भरतपुर जिले का सौभाग्य है की पहली बार कोई व्यक्ति मुख्य सचिव के पद पर पहुंच जिले को गोर्बान्वित किया है। यहां यह बताना भी उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत अटारी मे भरतपुर के सरपंच रहे भजनलाल शर्मा सांगानेर जयपुर विधायक बनकर दिसंबर 2023 में प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया।

बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बैठक सम्पन्न

सपोटरा/करौली, (निसं)। करौली में जिला स्तरीय कार्य योजना के अनुसार सामाजिक लीडर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों के साथ बाल संरक्षण मुद्दों को लेकर पंचायत समिति सभागार में बैठक आयोजित की गई।

यूनिसेफ एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि बैठक में यूनिसेफ के संजय निराला जी चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट एवं सिओन किंगोरी रिजनल मैनेजर एक्शनएड जयपुर ने जिले में बाल संरक्षण के मुद्दों पर किये जा रहें का रोकथाम एवं बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए हमेशा सतर्क एवं सक्रिय रहना आवश्यक है। चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट ने कहा कि हमारी समाज के बेटे के लेट तक घर आने जाने पर किसी प्रकार का कोई सवाल नही करतें हैं लेकिन बेटी के थोड़ा सा लेट घर पहुंचने पर घर के सारे लोग कई सवाल कर देते हैं। हमको यह जरूर याद रखना चाहिए कि बेटे ओर बेटी दोनों से बात करना है एवं अच्छा संस्कार देना चाहिए ताकि बेटे की किसी बच्ची के साथ बदतमीजी नही करे।

रिजनल मैनेजर सिओन किंगोरी ने बताया है कि हम जिस तरह से बच्चों की देखभाल करते हैं उसी प्रकार बच्ची की भी परवरिश करना चाहिए। बेटे एवं बेटी में भेदभाव नही करना चाहिए।

उन्होंने बताया है कि कम उम्र बच्चों की शादी करना उनके साथ अन्याय करने के बराबर है। कम उम्र की शादी से बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास रूकता है। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने सामुदायिक लीडरों एवं स्वयंसेवकों से बाल तस्करी एवं शोषण की रोकथाम को लेकर विस्तार से जानकारी दी। अनिल शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने जिलें में यूनिसेफ एक्शनएड के द्वारा कियें जा रहे बाल संरक्षण कार्यो पर प्रकाश डालते हुए बाल कल्याण समिति की ओर से किए गए कार्यो के बारे में अवगत कराते हुए सभी को बाल संरक्षण मुद्दों के कार्यो में सहयोग करने का आव्हान किया। एवं बाल संरक्षण मुद्दों पर हर संभव सहयोग करनेर्यो के बारें में चर्चा की गई।

यूनिसेफ चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट संजय निराला ने बताया कि हमें बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। हमें लिंग आधारित भेदभाव एवं पितृ सत्तात्मक सोच को बदला जरूरी है।

उन्होंने सभी से बालश्रम, बाल विवाह हेतु सभी को आश्वस्त किया। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने सामाजिक परिवेश के साथ वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला ओर बाल अधिकार संरक्षण के लिए सभी को कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

एवं बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 07464-251335 पर कॉल करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इस दौरान पीएलवी रामराज बैरवा, यूनिसेफ एक्शनएड कार्यकर्ता देवीशंकर, नेहरू युवा केंद्र के विजेंद्र बैरवा, सामाजिक लीडर, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

करौली बाल संरक्षण को लेकर सपोटरा पंचायत समिति में बैठक संपन्न हुई।

ट्रॉफी का किया लोकार्पण

नदबई, (निसं)। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियों को प्रदेशस्तर पर प्रतिभा दिखाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन ही मुख्य प्लेटफॉर्म रहता। ग्रामीण प्रतिभाओं को मौका देने व खिलाडियों को फिट रहने के लिए ही पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। अधिक से अधिक खिलाडी प्रतियोगिता में शामिल होकर जिलास्तर व प्रदेशस्तर तक खेल के प्रति अपनी काबलियत दिखा सकते है। ऐसा कहते हुए विधायक जगत सिंह ने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह की स्मृति में एक दिसम्बर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए नटवर सिंह मैमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी का लोकार्पण किया।

इससे पहले विधायक जगत सिंह ने प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत व एनपीएल स्तर अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित होने के बारे में बताते हुए 22 दिसम्बर को फाइनल मैच होने के बारे में बताया। बाद में पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह की जीवनी पर चर्चा करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय से पांच अलग-अलग खेल प्रतियोगिता में पुरुस्कार मिलने के बारे में बताया। वही, ठ्रामीण क्षेत्र के युवाओं को फिट रखने व खेल के प्रति प्रतिभा दिखाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन करने का संदेश देते हुए विजेता ट्रॉफी का लोकार्पण किया।

जनरल ईडीपी उद्यिमता विकास प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ

रुदावल में जनरल ईडीपी उद्यिमता विकास प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ हुआ।

भरतपुर, (निस)। ग्रामीण विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित ठ्रामीण स्वरोजगार रोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा रूपवास ब्लॉक के गांव रुदावल में संचालित 6 दिवसीय उद्यिमता विकास प्रशिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पीएनबी मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं डॉक्टर रंगोली तथा सीए अविरल श्रीवास्तव, द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बैको से संबधित जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी को यूनिफार्म का वितरण भी किया गया। सीए अविरल श्रीवास्तव ने सभी प्रशिक्षणाथियों को मार्केटिग के बारे में बताया कि मार्केट मे किस प्रकार से निर्मित उत्पादों को बाजार में विक्रय किया जा सकता है। उनके द्वारा यह भी बताया कि वर्तमान में मार्केटिग का कार्य डिजिटल हो रहा है, जिससे ठ्राहकों को अपना माल बेचने में आसानी रहती है। उनके द्वारा सभी प्रशिक्षणाथियों को भविष्य आगे बढने के लिए प्रोत्साहित भी किया। तत्पश्चात डॉ रंगोली ने सभी महिलाओ को दंत रोग से संबंधित बीमारियों तथा उनके रोकथाम के विभिन्न तरीकों को समझाया और उनको अभिप्रेरित किया इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक अंकुर शर्मा ने बताया कि उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सर्फ,साबुन तरल सर्फ, फिनायल आदि बनाने प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।